अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 2 दिसंबर 2021
मार्गशीर्ष कृष्ण-त्रयोदशी
विक्रम संवत-2078

PAGE NO. 10 : TOP

मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

संवाद न्यूज एजेंसी

भोजीपुरा। श्री राममूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज में विश्व एड्स दिवस के मौके पर बुधवार को एमबीबीएस और पैरामेडिकल के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के जरिये अस्पताल में मौजूद मरीज और उनके तीमारदारों को जागरूक किया।

विश्व एड्स दिवस के मौके पर जागरूकता रैली आयोजित हुई। प्रिंसिपल डा. एसबी गुप्ता, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. आरपी सिंह और सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अतुल कुमार ने रैली को रवाना किया। एमबीबीएस और पैरामेडिकल के सैकड़ों विद्यार्थियों ने हाथ में तख्ती बैनर लेकर लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। कॉलेज परिसर से शुरू होकर मानव श्रृंखला के रूप में जागरूकता रैली भोजीपुरा रेलवे जंक्शन तक गई और वहां से वापस मेडिकल कॉलेज में संपन्न हुई। यहां पैरामेडिकल के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए 'बचाव ही इसका उपचार' का संदेश दिया। अंत में कॉलेज के सभागार में हुए कार्यक्रम में मरीज और उनके तीमारदारों को सामुदायिक चिकित्सा विभाग के चिकित्सक डा. अभिनव पांडे ने विस्तार से जानकारी दी और उनके सवालों के जवाब दिए। उन्होंने बताया कि एसआरएमएस में एड्स की निशुल्क जांच की जाती है। लोगों को जागरूक करने के लिए एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से संचालित हॉस्पिटल ऑन व्हील्स, टेलीमेडिसिन बस, आरएचटीसी, यूएचटीसी सेंटरों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर एसआरएमएस कालेज आफ पैरामेडिकल के प्रिंसिपल डा.कृष्ण गोपाल, डीन पीजी डा. पीएल प्रसाद, डीन यूजी डा. नीलिमा मेहरोत्रा, डा. एनके अरोरा, डा.पियूष अग्रवाल, डा. प्रतीक गहलोत, डा. राहुल गोयल, डा. धर्मेंद्र गुप्ता, डा. एमपी रावल सहित सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया एड्स से बचाव का संदेश